NAVBHARAT TIMES, NOIDA, 14.6.2019

Page No. 2, Size:(8.47)cms X (3.98)cms.

एनएमआरसी पर 1 लाख रुपये जुर्माना

■ प्रस, नोएडा : सेक्टर-51 व 52 मेट्रो स्टेशन के बीच बने वॉकवे को टिन शेड से कवर करने का काम तेजी से चल रहा है लेकिन एनजीटी के नियमों को ताक पर रखकर धूल उड़ाते हुए यह काम किया जा रहा है। इसके चलते अथॉरिटी ने एनएमआरसी पर एक लाख का जुर्माना लगाया है। आम्रपाली सिलिकॉन सिटी पर सीवर का पानी नाले में डालने पर एक लाख रुपये का जुर्माना लगा है। सेक्टर-76 में बन रहे स्पेक्ट्रम मॉल को चेतावनी दी गई है कि नाले पर डाला हुआ स्लैब हटाकर अथॉरिटी को सूचित करे।